# दैनिक आधुनिक राजस्थान

Whatsapp broadcast no. 9352002525 e-paper: adhunikrajasthan.com



We've Moved!
Experience a Fresh New Look at Our New Location!
Riya's – The Boutique
Exclusive Suits /Stylish Kurtis/ Indo-Western Wear /Ladies Boutique
Now at: Opp. HDFC Bank, Main Road, Naka Madar, Ajmer
Call us: 94140 03877, 94142 72780



वर्ष: 44 | अंक: 176 | आर. एन. आइ. पंजीयन संख्या 35155/79 | अजमेर, बुधवार 23 अप्रैल 2025 | डाक पंजीयन आर.जे./ए.जे./03/2019-21 | फोन: 2620777 | पृष्ठ: 6- डाक | मूल्य - दो रुपया


# पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला, पर्यटकों को बनाया गया निशाना, 7 घायल, 26 लोगों की हुई मौत

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में एक रिसॉर्ट में आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में कम से कम सात पर्यटक घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस पहलगाम पर्यटन शहर के बैसरन मैदान में गोलीबारी की आवाज सुनने के बाद पहुंच गई है। तलाशी अभियान भी चल रहा है। सेना के अधिकारी भी घटना के बारे में अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। अभी तक आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी की कोई खबर नहीं है। आगे की जानकारी का इंतजार है। एक महिला ने बताया कि मेरे पति को सिर में गोली लगी है, जबकि हमले में सात अन्य लोग भी घायल हुए हैं। महिला ने अपनी पहचान नहीं बताई, लेकिन घायलों को अस्पताल पहुंचाने में मदद की गुहार लगाई। भाजपा नेता रविंदर रैना ने कहा कि कायर पाकिस्तानी आतंकवादियों ने दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर कायरतापूर्ण हमला किया है। वे भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस का सामना नहीं कर सकते, उन्होंने निर्दोष पर्यटकों पर हमला किया है। कुछ आतंकवादियों को घायल अवस्था में अस्पताल भेजा गया है। सेना, पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। वे आतंकवादियों और अपराधियों को ढूंढ़कर उन्हें सजा देंगे। ये आतंकवादी कश्मीर पर हमला करने की कोशिश करते हैं, उनकी हर कोशिश नाकाम की जाएगी, जैसा कि पहले भी होता रहा है।इससे पहले 14 अप्रैल को सुरक्षा बलों ने लगभग 25 दिनों तक चले आतंकवाद विरोधी अभियान के बाद किश्तवाड़ जिले के छत्रू वन क्षेत्र में एक अत्यधिक परिष्कृत और सुनियोजित आतंकवादी ठिकाने का पता लगाया था। पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े आतंकवादियों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला यह ठिकाना लंबे समय तक जीवित रहने और संचार के लिए सुसज्जित था, जिससे उनकी तैयारी की गहराई का पता चलता है। अधिकारियों के अनुसार, मारे गए आतंकवादियों ने छत्रू के घने जंगलों में एक ठिकाना बनाया था, जिसमें आवश्यक जीवित रहने के उपकरण, कुरान सहित धार्मिक ग्रंथ और 10 से 15 दिनों के लिए पर्याप्त खाद्य आपूर्ति थी। सबसे खास बात यह है कि ठिकाने में एक कार्यशील वाई-फाई सेटअप, सौर पैनल, जीपीएस डिवाइस और यहां तक कि एक छुपा हुआ भूमिगत भागने का रास्ता भी शामिल था, जो लंबे समय तक छिपे रहने की अत्यधिक समन्वित योजना को उजागर करता है।



## दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उसी के घर में दी मात, केएल राहुल ने खेली तूफानी पारी



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** आईपीएल 2025 के 40वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को उसी के घर में 8 विकेट से हराया है। इकाना स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 6 विकेट के नुकसान पर 159 रन बनाए। जिसके जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल और केएल राहुल ने फिफ्टी लगाई। जबकि मुकेश कुमार ने 4 विकेट झटके। अभिषेक पोरेल और केएल राहुल के अलावा कप्तान अक्षर पटेल ने भी बल्ले से अच्छा काम किया। उन्होंने 170 के गजब के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंद में 34 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने पारी में चार छक्का और एक चौका भी लगाया। बता दें कि, पिछले सीजन तक आईपीएल में केएल राहुल लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते थे। लेकिन 2025 के मैगा ऑक्शन से पहले राहुल को लखनऊ ने रिलीज कर दिया था। पिछले सीजन के दौरान एसआरएच से मिली हार के बाद लखनऊ के मालिक संजीव गोयनका ने बीच मैदान पर केएल राहुल को फटकार लगाई थी। फिर लखनऊ ने राहुल को रिलीज कर दिया था। मेगा ऑक्शन में दिल्ली ने राहुल को खरीदा। अब राहुल ने एलएसजी के खिलाफ लखनऊ से इकाना स्टेडियम में ही बदला लिया। उन्होंने 42 गेंदों की पारी में तीन चौके और तीन छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट पारी के दौरान 135.71 का था। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। लखनऊ ने अच्छी शुरुआत की और पहले 10 ओवर में 87 रन ठोक डाले। एडन मार्करम और मिचेल मार्श ने बेहतीरन साझेदारी की लेकिन इसके बाद 23 रन के अंदर टीम ने चार विकेट गंवा दिए। एक समय तो ऐसा लग रहा था कि लखनऊ बड़ा स्कोर करेगा लेकिन फिर 110 के स्कोर पर टीम के चार विकेट गिर गए थे यहीं से लखनऊ की गति धीमी हुई। मार्करम ने 33 गेंदों पर 52 रन में दो चौके और तीन छक्के लगाए। मार्श ने 36 गेंदों पर 45 रन में तीन चौके और एक छक्का लगाया। खतरनाक बल्लेबाज निकोलस पूरन को मिचेल स्टार्क ने 9 रन पर बोल्ड कर दिया। मुकेश कुमार ने अब्दुल समद को अपनी ही गेंद पर कैच किया। समद ने 2 रन बनाए। मुकेश ने इससे पहले मार्श का विकेट भी लिया था। दिल्ली के लिए मुकेश ने चार ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए।

## संक्षिप्त न्यूज

### न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका की बहस के बीच उपराष्ट्रपति का बड़ा बयान संसद ही सर्वोपरि

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर न्यायपालिका बनाम कार्यपालिका बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि संसद ही सर्वोपरि है। हर सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द सर्वोच्च राष्ट्रीय हित से जुड़ा होता है। दिल्ली विवि में एक कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारों के अतिक्रमण पर सुप्रीम कोर्ट को घेरा। उन्होंने कहा कि संविधान कैसा होगा, ये वही तय करेंगे जो चुनकर आए हैं। इसके ऊपर कोई नहीं होगा। संसद सर्वोपरि है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की दो टिप्पिणियों का हवाला दिया। इसमें गोरकनाथ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि प्रस्तावना संविधान का हिस्सा नहीं है। जबकि दूसरे केशवानंद भारती मामले में कोर्ट ने कहा था कि यह संविधान का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि किसी भी सांविधानिक पदाधिकारी द्वारा बोला गया प्रत्येक शब्द राष्ट्र के सर्वोच्च हित से निर्देशित होता है। मुझे यह बात काफी दिलचस्प लगती है कि कुछ लोगों ने हाल ही में यह विचार व्यक्त किया है कि सांविधानिक पद औपचारिक और सजावटी हो सकते हैं। इस देश में प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका चाहे वह सांविधानिक पदाधिकारी हो या नागरिक के बारे में गलत समझ से कोई भी चीज दूर नहीं हो सकती है।सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और टिप्पणियों को लेकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ लगातार सवाल उठा रहे हैं। हाल ही में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने न्यायपालिका की तरफ से राष्ट्रपति के लिए निर्णय लेने और सुपर संसद के रूप में कार्य करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि सर्वोच्च न्यायालय लोकतांत्रिक ताकतों पर परमाणु मिसाइल नहीं दाग सकता।उन्होंने न्यायपालिका के लिए ये कड़े शब्द राज्यसभा के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहे, कुछ दिनों पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति और राज्यपाल की तरफ से विचार के लिए रखे गए विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समयसीमा तय करने की मांग की थी। इस पर उपराष्ट्रपति ने कहा, इसलिए, हमारे पास ऐसे न्यायाधीश हैं जो कानून बनाएंगे, जो कार्यकारी कार्य करेंगे, जो सुपर संसद के रूप में कार्य करेंगे और उनकी कोई जवाबदेही नहीं होगी क्योंकि देश का कानून उन पर लागू नहीं होता। उपराष्ट्रपति धनखंड और भाजपा नेताओं के बयान के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की याचिका पर सुनवाई के दौरान तंज कसा था। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा था कि आप चाहते हैं कि हम राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए राष्ट्रपति को आदेश जारी करें? वैसे ही, हम पर कार्यपालिका (क्षेत्र) में अतिक्रमण करने का आरोप लग रहा है।

### न्यायपालिका के प्रति सम्मान सर्वोपरि है, मिलकर करें काम, विवादों के बीच सरकारी सूत्रों की राय

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने लोकतांत्रिक ढांचे में न्यायपालिका की भूमिका को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है, तथा देश की प्रगति के लिए प्रमुख संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया है। सरकारी सूत्रों ने न्यायिक प्रणाली की अखंडता को बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा न्यायपालिका के लिए सम्मान सर्वोपरि है। अधिकारियों ने विभिन्न लोकतांत्रिक संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयासों पर भी प्रकाश डाला, तथा कहा कि लोकतंत्र के सभी स्तंभ मिलकर विकसित भारत के लिए काम कर रहे हैं। यह बयान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा न्यायिक अधिकारों के अतिक्रमण की आलोचना करने और यह दोहराने के बाद आया है कि संसद सर्वोच्च है। कुछ भाजपा सांसदों ने भी उपराष्ट्रपति के साथ सहमति जताते हुए कहा कि अगर सुप्रीम कोर्ट कानून बनाने का इरादा रखता है, तो संसद को बंद कर देना चाहिए। सूत्रों ने न्यायपालिका और विधायिका के बीच के रिश्ते को भी अविभाज्य बताया।

## एक देश एक चुनाव पर जनता की राय जानने के लिए जेपीसी करेगी सभी राज्यों का दौरा-पी.पी.चौधरी

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** वन नेशन वन इलेक्शन पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक से पहले समिति अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि लोगों की राय जानने के लिए समिति पूरे देश का दौरा करेगी. इसकी शुरुआत अगले महीने महाराष्ट्र से होगी. समिति फिर अन्य राज्यों का दौरा करेगी. वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ी वेबसाइट की लॉन्चिंग पर कहा कि इससे सभी पक्षों की राय जानने में मदद मिलेगी. जेपीसी की ओर से राज्यों के दौरे के बारे में पीपी चौधरी ने कहा, समिति का यह मानना है कि उसे सभी राज्यों का दौरा करना चाहिए और उन सभी की राय सुननी चाहिए, यही वजह है कि यह दौरा आयोजित किया जा रहा है. 17 मई से सबसे पहले महाराष्ट्र को कवर कर लिया जाएगा, फिर उत्तराखंड (19 से 21 मई) को कवर किया जाएगा. इसके बाद जून में जम्मू-कश्मीर, चंडीगढ़ (पंजाब और हरियाणा) को अलग-अलग कैटेगरी के तहत कवर किया जाएगा.उन्होंने यह भी कहा कि राज्यों के दौरे के दौरान सभी पक्षों की बात भी सुनी जाएगी चाहे वह सेलिब्रिटी हों, खिलाड़ी हों या कोई और, ताकि देश के लोगों के विचार जाना जा सके. इससे यह भी पता चलेगा कि क्या यह देश के लिए फायदेमंद है.संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष चौधरी ने कहा, देश में लोकतंत्र है, हर किसी की अपनी राय होती है. संसदीय समिति में भी लोगों की राय अलग-अलग हो सकती है. लेकिन एक समय ऐसा भी आएगा जब सभी सदस्य इस पर राजी होंगे क्योंकि सभी नेता देश के लिए सोचते हैं और देश के हित के लिए इस पर सहमत होंगे.वेबसाइट की लॉन्चिंग पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर पारदर्शिता होनी चाहिए. पूरी समिति ने इस बात पर सहमति जताई है कि हमें पारदर्शिता रखनी चाहिए. वेबसाइट सभी हितधारकों की राय जानने में सहायक होगी. इससे पहले, उन्होंने वेबसाइट की लॉन्चिंग के बारे में चौधरी ने बताया था, समिति ने 2 प्रमुख चीजों पर फैसला लिया है. पहला, विज्ञापन सभी भाषाओं में प्रकाशित कराया जाएगा ताकि सभी हितधारक अपनी राय दे सकें. दूसरा, वेबसाइट सभी हितधारकों से इनपुट की सुविधा प्रदान करेगी. महासचिव द्वारा अभी इसकी जांच की जा रही है. वेबसाइट क्रैश न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए टेक्नोलॉजी के विकास में समय लग रहा है. वेबसाइट जल्द ही क्यूआर कोड सुविधा के साथ लॉन्च की जाएगी. इस पर लोगों के सुझाव एकत्र किए जाएंगे, और सांसद उनकी समीक्षा करेंगे।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शुभारंभ एवं लोकार्पण

**( आधुनिक राजस्थान )अजमेर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को अजमेर के विभिन्न क्षेत्रों में 265 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य जनकल्याण, आधारभूत संरचना और जनविश्वास की नींव को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने वार्ड 74 की छतरी योजना में गंगवाल जी के मकान से विकास शर्मा जी के मकान तक सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा किए जाने वाले सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इसका निर्माण 18 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इसके पश्चात वार्ड 74 की रामदेव बस्ती में बीरम वाली गली में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस सड़क निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 14 लाख रुपये है। इस प्रकार वार्ड 74 के जी-ब्लॉक की गली नंबर 3 और 4 में भी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इसकी लागत 13 लाख रुपये है। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि हमारा संकल्प है कि शहर की हर गली तक पक्की सड़क पहुंचे। इससे कोई नागरिक मूलभूत सुविधा से वंचित नहीं रहेगा। यह केवल सड़क नहीं विश्वास का मार्ग है। जनता और जनप्रतिनिधि के बीच गहरे संबंध को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त विधायक कोष से वार्ड 77 वैशाली नगर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया। इस भवन की लागत 25 लाख रुपये है। देवनानी ने कहा कि यह भवन ईंट और पत्थर की संरचना होने के साथ सेवा, सहयोग और संगठन का प्रतीक है। यह स्थान सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए एक नया केंद्र बनेगा। इससे क्षेत्र के लोगों को एकजुट होकर मांगलिक एवं रचनात्मक कार्यों के आयोजन की सुविधा मिलेगी। विकास कार्यों की श्रृंखला में विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा वरुण सागर रोड स्थित रामेश्वरम स्कूल से ग्राम बोराज की ओर जाने वाले नाले के निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया। इस नाले की लागत 195 लाख रुपये है। देवनानी ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छता और सुरक्षा शहर के विकास के दो मजबूत स्तंभ हैं। यह निर्माण कार्य जलभराव की समस्या को स्थायी रूप से समाप्त करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। देवनानी ने कहा कि अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र मेरा परिवार है आज विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ और लोकार्पण किया गया। हम सबका कर्तव्य है कि मिलकर एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध अजमेर का निर्माण करें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## ईडी का बड़ा एक्शन, 573 करोड़ की सिक्योरिटीज बॉन्ड व डीमैट खाते जब्त किए

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव बेटिंग ऐप मामले में छापेमारी कर 3.29 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की, 573 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की प्रतिभूतियां, बांड और डीमैट खाते फ्रीज किए। जांच एजेंसी ने कई आपत्तिजनक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड भी जब्त किए। 16 अप्रैल को जांच एजेंसी के रायपुर जोनल कार्यालय ने महादेव बेटिंग ऐप मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत दिल्ली, मुंबई, इंदौर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई और संबलपुर (ओडिशा) स्थित विभिन्न परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी में शामिल संस्थाओं में विकास इकोटेक लिमिटेड, जेटीएल इंडस्ट्रीज, इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट लिमिटेड (आईआईटीएल), ईजमाईट्रिप और अन्य शामिल थे। ईजमाईट्रिप के प्रवक्ता ने ताजा जब्ती पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसका महादेव बेटिंग ऐप से कोई संबंध नहीं है। ईजमाईट्रिप के प्रवक्ता ने कहा हालांकि ईजमाईट्रिप का महादेव बेटिंग ऐप या किसी अन्य सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के साथ कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है, फिर भी हम जांच के दौरान अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सूत्रों ने बताया कि विकास इकोटेक के परिसर में बड़ी मात्रा में नकदी, बॉन्ड और प्रतिभूतियां पाई गईं, जिनमें आपत्तिजनक दस्तावेज भी शामिल हैं, जिससे शेल संस्थाओं और जांच के तहत फर्म के बीच संबंध का पता चला। सूत्रों ने यह भी बताया कि ईडी अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए गए हैं, जिसमें कुछ व्यक्तियों को जांच में शामिल होने और बयान दर्ज करने के लिए ईडी रायपुर जोनल कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है। ईडी की जांच से पता चला है कि महादेव ऑनलाइन बुक बेटिंग ऐप (अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों के लिए नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने और उपयोगकर्ता आईडी बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की सुविधा देने वाला एक अम्ब्रेला सिंडिकेट) ने बेनामी बैंक खातों के एक जटिल जाल के माध्यम से अपराध की आय (पीओसी) की एक बड़ी राशि उत्पन्न की और उसे लूटा। जांच में आगे पता चला कि इन सट्टेबाजी प्लेटफार्मों द्वारा उत्पन्न धन को भारत से बाहर स्थानांतरित किया जा रहा था और बाद में विदेशी एफपीआई के नाम पर भारतीय शेयर बाजार में निवेश किया गया था।

## निशिकांत दुबे के खिलाफ युवा कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन, भाजपा से उन्हें तुरंत निलंबित करने की मांग

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** भारतीय युवा कांग्रेस के सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट पर टिप्पणी को लेकर भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अक्षय लाकड़ा ने कहा कि हमारी मांग है कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ अवमानना ??का मामला दर्ज किया जाए। जिस तरह से उन्होंने सुप्रीम कोर्ट और भारत के मुख्य न्यायाधीश का अपमान किया है, भाजपा को उन्हें तुरंत निलंबित करना चाहिए। एक निर्वाचित सांसद के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। यह देश संविधान के अनुसार चलेगा, आरएसएस के नियमों के अनुसार नहीं। इससे पहले निशिकांत दुबे की विवादास्पद टिप्पणियों को भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा करार देते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव हरीश चौधरी ने कहा कि सत्तारूढ़ दल अपनी नाकामियों पर परदा डालने के लिए जान-बूझकर ऐसे विवाद पैदा कर रहा है। चौधरी ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, ''पहले दुबे न्यायपालिका को लेकर दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणियां करते हैं। फिर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन टिप्पणियों से अपनी पार्टी को अलग करते हैं। यह विवाद भाजपा की सोची-समझी रणनीति के तहत पैदा किया गया है ताकि भाजपा की सरकार की नाकामियां छिपाई जा सकें।'' कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने कहा कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) पर दो सांसदों द्वारा की गई ''घृणित टिप्पणियों'' से ''निवर्तमान भाजपा अध्यक्ष'' का दूरी बनाना कोई मायने नहीं रखता। जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा,'' भारत के प्रधान न्यायाधीश पर भाजपा के दो सांसदों की ओर से की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों से भाजपा के निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा दूरी बनाए जाने का कोई विशेष अर्थ नहीं है।




## यूपीएससी के नतीजे घोषित, प्रयागराज की शक्ति दुबे बनीं टॉपर, दूसरे नंबर पर हर्षिता गोयल

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2024 के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए हैं। शक्ति दुबे यूपीएससी सीएसई 2024 के टॉपर बने हैं, दूसरे स्थान पर हर्षिता गोयल और तीसरे स्थान पर डोंगरे अर्चित पराग हैं। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) और अन्य केंद्रीय सेवाओं (समूह ए और बी) सहित प्रतिष्ठित सेवाओं के लिए कुल 1,009 उम्मीदवारों की सिफारिश की गई है। जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी, वे अपना परिणाम यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। शक्ति दुबे ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक (विज्ञान स्नातक) किया है। आयोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि उन्होंने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। एमएस यूनिवर्सिटी ऑफ बड़ौदा से बी.कॉम की डिग्री प्राप्त हर्षिता गोयल ने राजनीति विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संबंध को वैकल्पिक विषय के रूप में रखते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। डोंगरे अर्चित पराग, जिन्होंने वीआईटी, वेल्लोर से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बी.टेक) की डिग्री प्राप्त की है, दर्शनशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में रखते हुए तीसरे स्थान पर रहे। गुजरात टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद से कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की डिग्री प्राप्त शाह मार्गी चिराग ने समाजशास्त्र को वैकल्पिक विषय के रूप में लेकर चौथा स्थान हासिल किया है।

## कर्नाटक के पूर्व डीजीपी की पत्नी हत्या के आरोप में गिरफ्तार, 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओम प्रकाश की पत्नी पल्लवी को रविवार को तीखी बहस के बाद अपने पति की चाकू घोंपकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उन्हें उनके बेटे कार्तिकेश की शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया गया, जिसने दावा किया कि उसकी मां और बहन इस जघन्य हत्या में शामिल हैं, जिसने पूरे कर्नाटक को झकझोर कर रख दिया है। यह भी पाया गया है कि पल्लवी को सिज़ोफ्रेनिया का पता चला था और वह निर्धारित दवाओं से उपचार करा रही थी। इस बीच, पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद सोमवार को पूर्व शीर्ष पुलिस अधिकारी का पूरे राजकीय सम्मान के साथ बेंगलुरु में अंतिम संस्कार किया गया। उनके बेटे कार्तिकेश ने अंतिम संस्कार किया। अब मामले को आगे की जांच के लिए बेंगलुरु की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) को सौंप दिया गया है, जबकि 64 वर्षीय पल्लवी को उनकी गिरफ्तारी के कुछ घंटों बाद सोमवार रात एक अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जब पुलिस पल्लवी को घटनास्थल पर लेकर आई, तो उसने पत्रकारों को बताया कि घरेलू हिंसा के कारण उसने यह कठोर कदम उठाया। 68 वर्षीय पूर्व पुलिस प्रमुख, जो मूल रूप से बिहार के रहने वाले 1981 बैच के आईपीएस अधिकारी थे, का शव रविवार को शहर के पॉश एचएसआर लेआउट इलाके में उनके तीन मंजिला आवास के ग्राउंड फ्लोर पर खून से लथपथ पाया गया। रिपोर्ट के अनुसार, कथित तौर पर एक तीखी बहस तब बढ़ गई जब पल्लवी ने प्रकाश के चेहरे पर मिर्च पाउडर फेंक दिया। जब वह तीव्र जलन से जूझ रहा था, तो उसने उसे कई बार चाकू घोंपा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह भी आरोप है कि घटना के बाद, पल्लवी ने एक दोस्त को वीडियो कॉल करके कहा, मैंने राक्षस को मार दिया है। बार-बार झगड़े, जान से मारने की धमकी- हत्या की वजह क्या थी? पुलिस में दर्ज अपनी शिकायत में मृतक के बेटे कार्तिकेश ने आरोप लगाया कि उसकी मां पल्लवी पिछले एक हफ्ते से उसके पिता को जान से मारने की धमकी दे रही थी। उसने कहा, इन धमकियों के कारण मेरे पिता अपनी बहन के घर रहने चले गए थे। कार्तिकेश ने आगे दावा किया कि घटना से दो दिन पहले उसकी छोटी बहन कृति अपने पिता से मिलने आई थी और उनसे घर लौटने का आग्रह किया था। उसने कहा, वह उसे उसकी मर्जी के खिलाफ वापस ले आई। रविवार को शाम करीब 5 बजे जब कार्तिकेश डोमलूर में कर्नाटक गोल्फ एसोसिएशन में था, तो एक पड़ोसी ने उसे फोन करके बताया कि उसके पिता नीचे पड़े मिले हैं। कार्तिकेश ने बताया, मैं घर पहुंचा और देखा कि पुलिस अधिकारी और पड़ोसी घटनास्थल पर इकट्ठे हुए हैं। मेरे पिता खून से लथपथ पड़े थे और उनके सिर और शरीर पर चोटें दिख रही थीं। पास में एक टूटी हुई बोतल और एक चाकू मिला था। इसके बाद उन्हें सेंट जॉन्स अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि पल्लवी और कृति अक्सर उनके पिता से बहस करती थीं और उन्होंने इस बात पर संदेह जताया कि दोनों ही हत्या में शामिल हैं। उन्होंने पुलिस को दिए अपने बयान में आग्रह किया, मैं अनुरोध करता हूं कि इस मामले में कानूनी कार्रवाई की जाए। ऐसा प्रतीत होता है कि यह हत्या परिवार के भीतर चल रहे संघर्षों का परिणाम है। पुलिस सूत्रों के हवाले से पीटीआई ने बताया कि कर्नाटक के दांडेली में एक संपत्ति को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद ने इसमें मुख्य भूमिका निभाई है।

## 5 दिन में हटाएं वीडियो, शरबत जिहाद को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने रामदेव को लगाई फटकार

**नई दिल्ली( जीएनएस )।** योग गुरु बाबा रामदेव ने मंगलवार को लोकप्रिय पेय रूह अफ़ज़ा के बारे में टिप्पणियों वाले वीडियो और सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने पर सहमति जताई, जिस पर दिल्ली हाई कोर्ट की नाराजगी थी। रामदेव के वकील ने अदालत को बताया कि विवादित वीडियो, जिसमें शरबत जिहाद जैसे विवादास्पद शब्द थे, उसे तुरंत हटा दिया जाएगा। यह आश्वासन दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा रूह अफ़ज़ा को लक्षित करने वाली रामदेव की टिप्पणियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करने के तुरंत बाद दिया गया। दिल्ली हाई कोर्ट ने बाबा रामदेव की टिप्पणियों के खिलाफ रूह अफ़ज़ा बनाने वाली कंपनी हमदर्द की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि अस्वीकार्य टिप्पणियाँ अदालत की अंतरात्मा को झकझोरती हैं। अदालत ने रामदेव की टिप्पणियों को गंभीरता से लिया। न्यायाधीश ने कहा जब मैंने वीडियो देखा तो मुझे अपने कानों और आंखों पर विश्वास नहीं हुआ। हमदर्द की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने तर्क दिया कि यह मुद्दा अपमान से परे है और सांप्रदायिक कलह पैदा करने के उद्देश्य से घृणास्पद भाषण जैसा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसे हटाया जाना चाहिए! दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी के लगभग एक घंटे बाद बाबा रामदेव के वकील ने अदालत को बताया कि पतंजलि समूह सभी संबंधित वीडियो हटा देगा। वकील ने अदालत को बताया कि मुझे सलाह दी गई है और हम वीडियो हटा रहे हैं। मेरे नियंत्रण में जो कुछ भी है, उसे हटा दिया जाएगा उन्होंने आश्वासन दिया, साथ ही कहा कि अगर कोई अतिरिक्त सामग्री फ़्लैग की गई है, तो वे इसे हमें दे सकते हैं। आश्वासन को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया, शुरुआत में, प्रतिवादी की ओर से उपस्थित वकील ने निर्देश दिया कि प्रिंट या वीडियो में सभी विवादित विज्ञापनों को हटा दिया जाएगा या उचित रूप से बदल दिया जाएगा। एक हलफनामा रिकॉर्ड पर रखा जाए जिसमें कहा गया हो कि वह भविष्य में इस तरह का कोई बयान या विज्ञापन या सोशल मीडिया पोस्ट जारी नहीं करेगा।




## नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा, पहलगाम आतंकी हमले पर बोले पीएम मोदी, एंटी टेरर ऑपरेशन शुरू



**नई दिल्ली( जीएनएस )।** सऊदी अरब की राजकीय यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए कहा कि दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा तथा आतंकवाद से लड़ने का भारत का संकल्प अडिग है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूँ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएँ। मैं प्रार्थना करता हूँ कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएँ। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। मोदी ने आगे लिखा कि इस जघन्य कृत्य के पीछे जो लोग हैं, उन्हें न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्हें बख्शा नहीं जाएगा! उनका नापाक एजेंडा कभी सफल नहीं होगा। आतंकवाद से लड़ने का हमारा संकल्प अडिग है और यह और भी मजबूत होगा। वहीं, एंटी टेरर ऑपरेशन शुरू हो चुका है। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने ट्वीट किया कि आतंकवादियों को बेअसर करने के लिए आतंकवाद विरोधी अभियान शुरू किया गया है। पूरा देश गुस्से में है और हमारे सुरक्षा बलों का खून खौल रहा है। मैं देश को आश्वस्त करना चाहता हूं कि पहलगाम हमले के अपराधियों को उनके जघन्य कृत्य की बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। पहलगाम की बैसरन घाटी में एक पहाड़ से आतंकवादियों के नीचे उतरने और गोलीबारी शुरू करने से कम से कम 12 पर्यटक घायल हो गए। इससे पहले आज, पीएम मोदी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से बात की और उनसे जम्मू-कश्मीर का दौरा करने और उचित कदम उठाने को कहा। इस घटना के बाद अमित शाह ने हाई लेवल मीटिंग की है। इस बीच खबर यह है कि अमित शाह श्रीनगर के लिए रवाना होने वाले हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले से दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ मृतकों के परिजनों के साथ हैं। इस जघन्य आतंकी हमले में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा और हम दोषियों को कड़ी से कड़ी सज़ा देंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को घटना के बारे में जानकारी दी और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। सभी एजेंसियों के साथ तत्काल सुरक्षा समीक्षा बैठक करने के लिए जल्द ही श्रीनगर के लिए रवाना हो जाऊँगा। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से फोन पर बातचीत की थी और उनसे सभी उचित कदम उठाने को कहा था।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लिखा कि पहलगाम (जम्मू और कश्मीर) में आतंकवादी हमले की खबर से बहुत दुखी हूँ। निर्दोष नागरिकों पर यह कायरतापूर्ण हमला कायरतापूर्ण और अत्यंत निंदनीय है। मेरी संवेदनाएँ और प्रार्थनाएँ निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### लश्कर के संगठन टीआरएफ ने ली पहलगाम हमले की जिम्मेदारी,

इस फ्रंट में आतंकवादी साजिद जट्ट, सज्जाद गुल और सलीम रहमानी प्रमुख हैं, ये सभी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हैं। अपनी स्थापना के बाद से ही लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का संगठन माना जाने वाला टीआरएफ घाटी में पर्यटकों, अल्पसंख्यक कश्मीरी पंडितों और खासकर प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाकर किए गए कई आतंकी हमलों में शामिल रहा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित पहलगाम के बैसरन मैदानों में पर्यटकों पर हुए क्रूर हमले की जिम्मेदारी ली है।

# डेगाना शहर की नाला निर्माण समस्या का जल्दी होगा समाधान



( आधुनिक राजस्थान )भेराराम सेन,डेगाना। डेगाना नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक नगर पालिका अध्यक्ष मदन अटवाल एवं स्थानीय विधायक अजय सिंह किलक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में शहर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई, जिसमें मुख्य रूप से गंदे पानी की निकासी, कचरा निस्तारण केंद्र का स्थानांतरण और श्रीराम स्टेडियम के विकास जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।विधायक अजय सिंह किलक ने कहा-शहर की सबसे बड़ी समस्या गंदे पानी की निकासी है, जिसका समाधान अगले दो-तीन दिनों में शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बरसात से पूर्व नाला निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके साथ ही शहर में स्थित कचरा निपटारा डिपो को भी नई जगह स्थानांतरित किया जाएगा।विधायक किलक ने श्रीराम स्टेडियम के विकास हेतु विधायक कोष से ?30 लाख तथा सांसद कोष से ?30 लाख की राशि स्वीकृत होने की जानकारी दी। बैठक में सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने, नगरपालिका की जमीनों का चिन्हीकरण एवं अतिक्रमण हटाने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।पार्षदों ने उठाई वार्ड स्तर की समस्याएं बैठक में भाजपा पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड में सफाई और विकास कार्य नहीं होने का मुद्दा उठाया। वार्ड नंबर 20 की पार्षद अंजू शेखावत ने कहा कि बोर्ड गठन के बावजूद उनके वार्ड में सफाई व्यवस्था अब तक दुरुस्त नहीं हो पाई है। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए नगरपालिका प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए।वार्ड नंबर 23 की पार्षद चौथी देवी कसवा ने विधायक और अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपने वार्ड की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग की। उन्होंने बताया कि वार्ड में किशनलाल गुर्जर के घर से शिव मंदिर तक कुछ लोगों ने मिट्टी डालकर पानी की निकासी को बाधित कर दिया है, जिसकी शिकायतें कई बार की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। उन्होंने ज्ञापन में बावरियों की ढाणी में मीठे पानी की नहरी पाइपलाइन डलवाने, वार्ड में नया ट्रांसफॉर्मर लगाने, 4 स्थायी सफाईकर्मी नियुक्त करने, बावरियों की ढाणी को %शिव नगर% के रूप में राजस्व नामांतरण करवाने और वार्ड में पिछले चार वर्षों से लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने की मांग की।इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मदनलाल अटवाल, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र खींचड़, उपाध्यक्ष हारून रशीद, नेता प्रतिपक्ष रामचंद्र डूडी, पार्षद गिरधारी मुंडेल, प्रकाश कुंकना, सीताराम कटारिया, कन्हैयालाल सोनी, नोरतमल, मनीषा बिंदा, मंजू देवी, रामलाल कुलरिया, शिवराम गोदारा सहित कई अन्य पार्षद मौजूद थे।

## परशुराम जन्मोत्सव पर गणपति निमंत्रण

( आधुनिक राजस्थान )अजमेर। राजस्थान ब्राह्मण महासभा अजमेर व सभी घटकों ने आज भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश जी को निमंत्रण से की । निमंत्रण करने वालो में महासभा अध्यक्ष सुदामा शर्मा , गोविंद पांड्या,अनिल भारद्वाज, सुभाष शर्मा,विष्णुदत्त शर्मा,दिनेश शर्मा,बृजेश पांडे,अशोक शर्मा,राजीव शर्मा, देवकीनंदन दाधीच , लोकेश भिंडा, मुकेश त्रिपाठी,गोपाल शर्मा ,ओम पारीक,सुशील पारीक,देवेंद्र त्रिपाठी, आशीष शर्मा,नरेश मुदगल,अजय शर्मा, महेश ओझा,एच पी शर्मा,अंजनी कुमार शर्मा,भोला नाथ आचार्य, रमेश चंद जोशी,अनिल कुमार जोशी ,देवकी नंदन दाधीच ,सुरेश शर्मा,अमित भूषण शर्मा ,बृजेश गौड़,डॉ कुलदीप शर्मा,प्रो.डॉ सुरेन्द्र जोशी, प्रो.डॉ उर्मिला पारीक, पल्लव शर्मा,डॉ रामनिवास शर्मा,आभा भारद्वाज, भावना पारीक,संगीता शर्मा,सुलोचना शुक्ला,राधिका भिंडा, प्रमिला पचौरी, अरुणा शर्मा सहित समाज के गणमान्य सदस्य व माता बहनें उपस्थित थी भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के महोत्सवके दूसरा कार्यक्रम दिनांक 23/4/25 को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर राजस्थान ब्राह्मण महासभा व मेट्रो मास जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में वैशाली हॉस्पिटल अजमेर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रखा गया है अध्यक्ष सुदामा शर्मा ने अधिक से अधिक बंधुओं को इस शिविर का लाभ लेने की अपील की



## डेगाना से लापता यूवक के परिजनों ने डेगाना विधायक से लगाई गुहार,11 दिनों से लापता



( आधुनिक राजस्थान )भेराराम सेन,डेगाना। डेगाना शहर से 11 दिनों पहले लापता युवक की तलाश में कोई सफलता नहीं मिली तो अब परेशान परिजनों ने डेगाना विधायक अजय सिंह किलक से गुहार लगाई है।राजकीय बालिका स्कूल के सामने रहने वाले योगेश प्रजापत 11 अप्रैल से लापता हैं। योगेश 11 अप्रैल को सुबह 8:30 बजे काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला था।परिजनों ने बताया कि योगेश काम पर नहीं पहुंचे। उन्होंने पड़ोसियों, दोस्तों और रिश्तेदारों से पूछताछ की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।आज प्रजापत समाज के लोगों और परिवार ने विधायक अजय सिंह किलक से मुलाकात की। उन्होंने विधायक को प्रार्थना पत्र सौंपकर मदद की गुहार लगाई। विधायक किलक ने तुरंत डेगाना थाना अधिकारी से दूरभाष से वार्ता कर गुम हुए युवक योगेश प्रजापत के फोन नंबर को ट्रेस कर पता लगाने के की बात कही। पुलिस ने आसपास के सभी थानों में सूचना भेज दी है।युवक के पिता श्रवण कुमार प्रजापत ने उनके बेटे की जानकारी देने वाले को उचित इनाम देने की घोषणा की है।

## शिक्षक संघ अंबेडकर बूंदी की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन,धनराज मीणा बने जिलाध्यक्ष

( आधुनिक राजस्थान )सुरेंद्र गौतम दबलाना। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर बूंदी की नवीन जिला कार्यकारिणी को लेकर एसएम गार्डन में चुनाव हुए। चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश संरक्षक शंभू दयाल मेहरा, प्रदेश मुख्य महामंत्री गोकुलराम मीणा और प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश जिंदल की सानिध्य में संपन्न हुए। धनराज मीणा को फिर से जिलाध्यक्ष चुना गया। जिला महामंत्री जवाहरलाल मेघवाल, जिलासभा अध्यक्ष अमर सिंह बैरवा, जिला उपाध्यक्ष पृथ्वी लाल मीणा,



कोषाध्यक्ष घनश्याम मंडेलिया, जिला संगठन मंत्री रामचरण मीणा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष लेखराज मीणा, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद नियाज, जिला महिला मंत्री सुल्तान बाई, जिला प्रतिनिधि व्याख्याता नंदकिशोर मीणा, जिला प्रतिनिधि माध्यमिक शिक्षा लालचंद, जिला प्रतिनिधि संस्कृत शिक्षा इंद्र सहाय और जिला महिला उपाध्यक्ष प्रज्ञा मीणा नियुक्त किए गए।धनराज मीणा ने सत्र 2024-25 में संगठन द्वारा किए गए कार्यों का विवरण सदन में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि संगठन को सबको साथ लेकर ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। किसी भी सदस्य को परेशानी आने पर 24 घंटे साथ खड़ा रहूंगा। ग्रामीण क्षेत्र के गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाएगा।जिला महामंत्री जवाहरलाल मेघवाल ने कहा कि संगठन में ही शक्ति होती है। सभी को संगठित रहना चाहिए और संघर्ष करते रहना चाहिए, ताकि दूसरों को प्रेरणा मिले।इस अवसर पर बूंदी ब्लॉक अध्यक्ष मानमल मीणा, थलेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरूप मीणा, हिंडोली ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम मीणा, सुखदेव बेरवा, पूर्व जिलाध्यक्ष साबूलाल मीणा, जिला कार्यालय प्रभारी उदालाल मीणा, कल्याण मल वर्मा, पूर्व जिला महामंत्री दिनेश कुमार वशिष्ठ, चंद्र प्रकाश मेघवाल, पूर्व ब्लॉक महामंत्री महेंद्र बेरवा, राकेश मीणा हिंडोली महामंत्री,बाबूलाल मीणा, गोपाल लाल बाखड़ा, रामलाल प्रतिहार , लोकेश कुमार आजाद, परमजीत , बाबूलाल सैनी, रामसहाय,मीणा, नरेश कुमार, हरिराम डिगा, बृजमोहन लाडपुर सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## विशाल व विपुल गंगवाल ने अपने परिवार के मुखिया मीना-सुशील गंगवाल की विवाह की गोल्डन जुबली हर्षोल्लास के साथ मनाई



( आधुनिक राजस्थान )भिनाय। डॉ.मनोज आहूजा ने बताया कि शहर के गंगवाल परिवार के मुखिया सुशील गंगवाल व मीना गंगवाल की शादी की 50 वीं सालगिरह परिवार के सदस्यों सहित समाज बंधुओं व मित्रों की उपस्थिति में समारोह का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ पुष्कर के कृष्णा रिसोर्ट पर मनाई गई।विपुल गंगवाल ने बताया कि उनके माता पिता की 50 वीं शादी की सालगिरह मनाने के लिए उनका पूरा परिवार पिछले कई दिनों से तैयारियों में लगा हुआ था।उन्होंने कहा कि ये दिन गंगवाल परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण उत्सव के रूप में मनाए जाने वाले यादगार दिन के रूप में मनाया जाता रहा है।इस बार गोल्डन जुबली का वर्ष होने से इसका कुछ अलग ही क्रेज था।इसलिए बच्चों ने कार्यक्रम के आयोजन में डांस की प्रस्तुतियां देने के लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां कर रखी थी।वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर मंगल गीत गाकर एक दूसरे को बधाईयां दी और रात्रि में 12 बजे सरप्राइज देते हुए केक काटकर मम्मी पापा को शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद लिया।वहीं वर्षगांठ के दिन पुष्कर के प्रसिद्ध होटल कृष्णा रिसोर्ट में वैवाहिक आयोजन की भांति भव्य आयोजन रखा गया।जिसमें गंगवाल परिवार के सदस्यों के साथ साथ सुशील गंगवाल की पुत्री नीलम संजय बोहरा,चेन्नई मद्रास से सुशील गंगवाल के सम्पूर्ण ससुराल पक्ष के मेहमानों, कोच्ची केरला से मीना गंगवाल की बहिन व उनके पारिवारिक सदस्यों सहित विशाल व विपुल के ससुराल पक्ष सहित दोनों भाइयों के अभिन्न मित्रों सहित समाज बंधुओं ने गंगवाल दम्पति को बधाई व शुभकामनाएं दी।वहीं गंगवाल परिवार के मुखिया सुशील व मीना ने एक दूसरे को माला पहनाकर व केक काटकर बधाई व शुभकामनाएं दी।पोते पोतियों ने आए हुए मेहमानों के स्वागत में आयो रे शुभ दिन आयो रे मंगल गीत पर नृत्य कर खूब वाहवाही बटौरी,अन्य बच्चों ने भी विभिन्न गीतों पर नृत्य कर अपनी प्रतिभा दिखाते हुए दादा दादी के प्रति प्रेम और समर्पण की भावना को प्रकट किया।गंगवाल के वरिष्ठ पुत्र विशाल ने अपनी धर्म पत्नी राजुल के सानिध्य में आए हुए मेहमानों का स्वागत अभिनंदन किया।शहर सहित क्षेत्र में इस प्रकार के ऐतिहासिक व अनूठे आयोजन की सर्वत्र प्रशंसा होती हुई दिखाई दी।गंगवाल परिवार के लाडले विपुल व पूजा ने आए हुए मेहमानों का आभार व्यक्त करते हुए इसी प्रकार का प्यार और विश्वास बनाए रखने की कामना की। शहर के जाने माने युवा उधमी व समाजसेवी विपुल गंगवाल के माताजी व पिताजी की वैवाहिक वर्षगांठ की 50 वीं वर्षगांठ गोल्डन जुबली परिवारजनों व इष्ट मित्रों के सानिध्य में नव दम्पति की तरह हल्दी,मेहंदीमहिला संगीत सहित विवाह के समय होने वाले सभी आयोजनों के साथ उसी प्रकार मनाई गई मानो नव दम्पति का वैवाहिक समारोह हो।समारोह में सुशील संग मीना की एंट्री फ़िल्म स्टार की भांति अत्यंत खूबसूरत और रोमांचक रही जिसे देखने और उस खूबसूरत दृश्य को अपने कैमरे में कैद करने के लिए हर कोई लालायित दिखाई दिया। रथ में सवार होकर जैसे ही सुशील संग स्टेज स्टेज की तरफ बड़े वैसे ही पूरा पांडाल रौशनी से जगमगा उठा और गंगवाल दम्पति का स्वागत अभिनन्दन करने लगा।ऐसा खूबसूरत नजारा देखकर हर किसी के मुंह से वाह क्या नजारा है!!शब्द निकल पड़े।गोल्डन जुबली वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस बेहतरीन आयोजन को गंगवाल परिवार सहित शहर वासियों के लिए एक यादगार दिन के रूप में माना जाएगा।गंगवाल दम्पति ने वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर सेवा कार्यो के साथ इस दिन को मनाया।वहीं कार्यक्रम में खास मेहमान के रूप में उपस्थित जिला बार के अध्यक्ष अशोक सिंह रावत ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से दाम्पत्य जीवन में खुशियों की बौछार आ जाती है जो भावी सुखमय जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण दिन के रूप में सदैव स्वर्णिम यादों के रूप में स्मरण में रहती है।कार्यक्रम में उपस्थित केकड़ी बार के अध्यक्ष मनोज आहूजा ने कहा कि अपने माता पिता को खुश रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करने वाले विशाल व विपुल कलियुग के श्रवण कुमार जैसे व्यक्ति हैं जिन्होंने एक ऐतिहासिक समारोह का आयोजन कर अपने माता पिता व परिवार को तो खुशी दी है बल्कि इस समाज को भी एक प्रेरणा के रूप में अच्छा संदेश दिया है जिससे निश्चित तौर पर उन लोगों को प्रेरणा मिलेगी जो इस भौतिक वादी युग में अपने परिवार को समय नहीं दे पाते हैं।इस शाही गोल्डन जुबली वैवाहिक समारोह में बड़ी संख्या में परिवार के सदस्य व मित्रगण मौजूद रहे जिन्होंने इस खुशी के मौके पर गंगवाल दम्पति को बधाई व शुभकामनायें दी।वहीं इस मौक़े पर विशाल व विपुल गंगवाल ने आए हुए मेहमानों के लिए स्पेशल डिनर का आयोजन कर सभी का आतिथ्य सत्कार करते हुए आभार व्यक्त किया।

## मन्नत पूरी करने खैरवाड़ा से बूंदी गणेश जी के मंदिर पहुंचा गरासिया परिवार



( आधुनिक राजस्थान )सुरेंद्र गौतम दबलाना। रूस में मृत भारतीय नागरिक हितेंद्र गरासिया का परिवार मंगलवार को मन्नत पूरी करने बूंदी खोजागेट सिद्धि विनायक गणेशजी के मंदिर पर पहुंचा और पूजा अर्चना की। हितेंद्र गरासिया के पुत्र पीयूष गरासिया अपने चाचा नटवर गरासिया के साथ मंगलवार को खैरवाड़ा से बूंदी पहुंचे और मॉस्को के कब्रिस्तान से अपने पिता की दिवंगत देह के परिवार के पास भारत पहुंचने और परिवार को सम्मानजनक अंतिम संस्कार का अधिकार मिलने की मन्नत पूरी होने पर गणेशजी को पूजा अर्चना के साथ लड्डू चढ़ाये।इस दौरान विदेश में संकटग्रस्त भारतीयों की सहायता के लिये कार्य करने वाले कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा,समाजसेवी ध्रुव व्यास,पीयूष शर्मा गुल्लू,विकास सनाढय,शिखर पंचोली भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि राजस्थान के उदयपुर जिले के खैरवाड़ा क्षेत्र के गोड़वा गांव निवासी हितेंद्र गरासिया गरासिया की जुलाई 2021 में रूस में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी। इसके बाद रूस की सरकार और भारत सरकार ने दिवंगत देह को वापस परिवार के पास भारत भेजने से मना कर दिया था। इतना ही नहीं हिंदू धर्म के अनुयायी होने के बावजूद हितेंद्र गरासिया की दिवंगत देह को रूस के मॉस्को कब्रिस्तान में दफना दिया गया था। राजस्थान के निवासी भारतीय नागरिक हितेंद्र गरासिया की दिवंगत देह को रूस के कब्रिस्तान में दफनाने के बाद पीड़ित परिवार ने विदेश में संकटग्रस्त भारतीयों की सहायता के लिए कार्य करने वाले बूंदी के कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा से मदद मांगी थी और गरासिया के 17 वर्षीय पुत्र पीयूष ने उस समय बूंदी के खोजा गेट गणेश जी मंदिर पहुँचकर अपने पिता की दिवंगत देह के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के लिये परिवार के पास भारत पहुंचने पर के लिये प्रार्थना करते हुये मन्नत मांगी थी। इस मामले में न्याय के लिये पीड़ित परिवार एआईसीसी सचिव धीरज गुर्जर व कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा के साथ कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी से भी मिला था और प्रियंका गांधी ने पीड़ित परिवार की आवाज उठाते हुए प्रधानमंत्री को मार्मिक पत्र लिखा था। रूस में मृत भारतीय नागरिक स्व. हितेंद्र गरासिया के पुत्र पीयूष गरासिया ने मंगलवार को बूंदी खोजा गेट गणेश जी मंदिर में पूजा के बाद कहा कि गणेश जी महाराज की कृपा से रूस के मास्को के कब्रिस्तान से उनके पिता की दिवंगत देह के परिवार के पास भारत आने का असंभव कार्य संभव हुआ है। पीयूष ने कहा कि गणेश जी की कृपा से हमें बूंदी के चर्मेश शर्मा मिले और उन्होंने लगातार चार महीने तक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष करते हुये हमारे परिवार की आवाज उठायी और गणेश जी कृपा से मृत्यु के 7 महीने बाद 6 फरवरी 2022 को स्व. हितेंद्र गरासिया की दिवंगत भारत पहुंची और एक पुत्र को अपने पिता के सम्मानजनक अंतिम संस्कार का अधिकार मिल पाया। क्योंकि उससे पहले रूस सरकार और भारत सरकार दोनों ही जवाब दे चुके थे कि उनके पिता की दिवंगत देह को भारत नहीं भेजा जायेगा।

## 25 ट्रोली अवैध बजरी स्टॉक सहित लोडर ट्रेक्टर जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार



( आधुनिक राजस्थान )सुरेंद्र गौतम दबलाना। नैनवां थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही करते हुए लगभग पच्चीस ट्रोली अवैध बजरी स्टॉक सहित लोडर ट्रेक्टर जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार अवैध खनन व परिवहन / भण्डारण के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध कार्य चेकिंग एवं गश्त के दौरान ग्राम गुढ़ा देवजी मे अवैध बजरी भण्डारण की सुचना मिली। जिस पर गुढ़ा देवजी पहुंचे जहाँ पर सहकारी समिति भवन गुढा देवजी के पास खाली चोक में करीबन 25 टोली अवैध बजरी स्टॉक मिला व स्टॉक पर एक लोडर ट्रेक्टर बिना नम्बरी जिस पर एक व्यक्ति बैठा हुआ मिला। जिससे उक्त बजरी का स्टॉक करने बाबत् पुछा तो कोई लाईसेंस व अनुज्ञापत्र होना नही बताया। अवैध बजरी व लोडर ट्रेक्टर को जप्त कर आरोपी को हिरासत लिया गया। मामले में अनुसंधान जारी है। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम में थाना अधिकारी कमलेश कुमार शर्मा, रमेश स.उ.नि,कांस्टेबल बल्लो सिंह,राजाराम,गीताराम,हनुमान चालक शामिल रहे।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं




( आधुनिक राजस्थान )सुरेंद्र गौतम दबलाना। विश्व पृथ्वी दिवस हमारी पृथ्वी हमारी शक्ति थीम पर वन विभाग व देव आदर्श पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी शिव प्रकाश चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी को हरा-भरा बनाए रखने के लिए हम सभी को अपनी तरफ से योगदान देना चाहिए। पर्यावरण को सुरक्षित रखकर ही आने वाली पीढ़ी को खुशहाल जीवन दिया जा सकता है।वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग बढ़ रही है। जिससे भविष्य में हमें कई संकटों से सामना करना पड़ सकता है। इस बार पृथ्वी दिवस पर हम सभी को इसके लिए प्रण लेना चाहिए। इस दौरान देव आदर्श पब्लिक माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। बाद में नर्सरी में चित्रकला प्रतियोगिता, पौधारोपण आदि हुए। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था प्रधान सुरेश गुंजल, रामस्वरूप शर्मा, रंजना शर्मा,रामराज गुर्जर, दयाराम गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## पृथ्वी दिवस 2025 की थीम हमारी शक्ति हमारा ब्रह्मांड जल,जंगल, पर्यावरण को बचाने का ले संकल्प

( आधुनिक राजस्थान )सुरेंद्र गौतम दबलाना। 22 अप्रैल को समस्त विश्व में पृथ्वी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष की थीम हमारी शक्ति हमारा ब्रह्मांड है। हर वर्ष पृथ्वी दिवस को मनाने के पीछे लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए प्रेरित करना है। पृथ्वी पर लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है, जिसका परिणाम समस्त विश्व अनुभव कर चुका है। जलवायु परिवर्तन के पीछे कोई एक कारण नहीं बल्कि इसके पीछे बहुत से कारण है। लंबे समय से पृथ्वी का दोहन होने के कारण वर्तमान में जलवायु परिवर्तन देखा जा रहा है। गर्मी, बरसात, सर्दी यह तीनों मौसम अब अपने समय अवधि पर नहीं होते हैं। इनका निश्चित समय अवधि बदल गया है। मनुष्य इसी प्रकार पृथ्वी का दोहन करता रहेगा तो सभी का जीवों का जीवन खतरे में होगा।इस अवसर पर समाजसेवी मूलचंद शर्मा कहा कि हम सभी मिलकर पृथ्वी के दोहन को रोकने में सरकारों के सहयोगी बने। सभी मिलकर पर्यावरण पर सक्रियता के साथ कार्य करें तभी आगे की पीढ़ियां सुरक्षित रहेगी । अन्यथा आगामी पीढियों को सुरक्षित रख पाना सभी के लिए बड़ी चुनौती होगी। पृथ्वी दिवस पर हम सभी जल, जंगल, पर्यावरण को बचाने का संकल्प लें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें तभी इस पृथ्वी को बचाया जा सकता है। जल व जंगल को बचाने पर ही पर्यावरण सुरक्षित रह सकेगा। इस संकल्प के साथ ही पृथ्वी दिवस को मनाना सार्थक हो सकता है।

# कोटा में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान ने जीता पहला गोल्ड, हरियाणा ने दस और दिल्ली ने पांच जीतें

( आधुनिक राजस्थान )कोटा। राजस्थान राज्य कुश्ती संघ के तत्वावधान में कोटा में खेली जा रही अंडर-20 कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरे दिन राजस्थान गोल्ड का अपना खाता खोलने में अपना जलवा कायम किया वहीं, पुरूष और महिला वर्गों में अपनी धाक को जमाते हुए हरियाणा के पहलवानों ने 10 गोल्ड जीत लिए। पांच स्वर्ण पदक जीत कर दिल्ली दूसरे स्थान पर है। कार्यक्रम के दूसरे दिन राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कार्यक्रम में शिरकत करके पहलवानों का हौसला बढ़ाया। राजस्थान कुश्ती को डबल इंजन सरकार के द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल और खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाने की बात भी कही।? राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने जल्द कुश्ती खिलाड़ियों के ओलंपिक में परचम लहराने की बात कही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया था जब से लेकर अब तक कार्यक्रम में लगातार आम जनता की भीड़ उमड़ रही है कुश्ती को देखने के लिए दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं और राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़े-बड़े पहलवान इस कुश्ती पर निगाहें लगाएं बैठे हैं। लाइव प्रसारण और सोशल मीडिया पर भी कुश्ती के प्रशंसकों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हो रहा हैं। आयोजन अध्यक्ष आईके दत्ता ने बताया कि महिला कैटेगरी के 50 किलोवर्ग में हरियाणा की विनिता प्रथम, महाराष्ट्र की गौरी द्वितीय और दिल्ली श्रुति व कर्नाटक की श्वेता तृतीय रहीं, 57 किलोवर्ग में हरियाणा की नेहा प्रथम, कर्नाटक की स्वाति पाटील द्वितीय और मध्य प्रदेश की शिवानी शर्मा व दिल्ली की नेहा शर्मा तृतीय रहीं, 65 किलो वर्ग में दिल्ली की शिक्षा प्रथम, चंडीगढ़ की अंजली द्वितीय तथा यूपी की कशिश यादव व दिल्ली की नीतिका तृतीय रहीं, 72 किलो वर्ग में हरियाणा की हर्षिता प्रथम, दिल्ली की मानसी भडाना द्वितीय तथा महाराष्ट्र की विदिका व यूपी की अंजली पंवचार तृतीय रहीं। आयोजन सचिव तेजन्द्र सिंह बराड़ ने बताया कि पुरूषों के फ्रीस्टाइल कैटेगरी के 57 किलो वर्ग में दिल्ली के अंकुश ने प्रथम, हरियाण के तुषार ने द्वितीय और मध्य प्रदेश के अभिषेक सिंह यादव व सर्विसेज के वैभव पाटिल तृतीय रहे, 61 किलो वर्ग में राजस्थान के अनुज कुमार विश्नोई प्रथम, हरियाणा के सुमित द्वितीय तथा महाराष्ट्र के अजय व चंडीगढड़ के कपिल तृतीय रहे, 70 किलो वर्ग में दिल्ली के सागर प्रथम, महाराष्ट्र के तुषांत द्वितीय और मध्य प्रदेश के रोहित व कर्नाटक के मल्लिकार्जुन तृतीय रहे, 74 किलो वर्ग में उत्तर प्रदेश के विवेक प्रथम, हरियाणा के सौरभ द्वितीय और दिल्ली के यश व चंडीगढ़ के आकाश तृतीय रहे, 86 किलो वर्ग में हरियाणा के सचिन प्रथम, दिल्ली के देव राणा द्वितीय और महाराष्ट्र के अर्जुन व कर्नाटक के टी.बी. पाटील तृतीय रहे, 97 किलो वर्ग में हरियाणा के विशाल प्रथम, सर्विसेज के साहिल जगलान द्वितीय और उत्तर प्रदेश के विशाल और राजस्थान के साहिल खान तृतीय रहे, 125 किलो वर्ग में पंजाब के जसपूरण सिंह प्रथम, दिल्ली के रौनक द्वितीय और राजस्थान के कृष्णवीर और हरियाणा के मोक्श चतुर्वेदी तृतीय रहे। पुरूषों की ग्रीको रोमन कैटेगरी के 55 किलो वर्ग में सर्विसेज के अनिल मोर प्रथम, मध्य प्रदेश के नीरज पटेल द्वितीय और दिल्ली के योगेश व हरियाणा के नितिन तृतीय रहे, 67 किलो वर्ग में दिल्ली के योगेश प्रथम, उत्तर प्रदेश के मुकुल द्वितीय और महाराष्ट्र के प्रथमेश व पंजाब के सिकन्दर सिंह तृतीय रहे, 87 किलो वर्ग में हरियाणा के रोहित प्रथम, पंजाब के नितिन भाटी द्वितीय तथा उत्तराखंड के आकाष मिश्रा और दिल्ली के दिनेश ढांडा तृतीय रहे।कोटा अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में राजस्थान के पहलवान भी पूरे जज्बे के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। पहले दिन जीते दो ब्रांज से आगे बढ़ते हुए राजस्थान के पहलवानों ने सोमवार को एक गोल्ड के साथ एक और ब्रांज जीता। राजस्थान के लिए पुरूषों की फ्री स्टाइल कैटेगरी के 61 किलो वर्ग में स्वर्णिम खुशियों के पल भीलवाड़ा के अनुज कुमार विश्नोई लेकर आए। फाइनल में हरियाणा के पहलवान सुमित को अनुज ने चारों खाने चित्त कर दिया। महज 2 मिनट 58 सैकेंड चले मैच में अनुज ने लगातार 10 पोइंट जीत कर टेक्निकल सुपिरियोरिटी से सुमित को मात दे दी। वहीं ग्रीको रोमन कैटेगरी के 97 किलो वर्ग में भरतपुर के कृष्ण वीर कंधा तुड़ाने के बाद भी मैच में डटे रहे। महाराष्ट्र के हर्ष के सामने मैच खेलते हुए मैट पर ही कृष्ण वीर कर कंधा उतर गया। यह देख राजस्थान कुश्ती संघ के कोषाध्यक्ष सत्यप्रकाश लुहाच मैट की ओर दौड़े और कुछ ही देर में कृष्णवीर का कंधा सेट कर दिया। इसके बाद कृष्णवीर दर्द में भी जज्बे के साथ लड़े और मैच जीतने में कामयाब रहे। अंडर-20 राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन मंगलवार को होगा। रघुराई एंडो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाले समापन समारोह में केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से, राजस्थान के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा और लाडपुरा विधायक कल्पना देवी खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे। अंतिम शेष बची 10 भार वर्ग के मुकाबले होंगे।

# सार-समाचार

## टू राज बटालियन एनसीसी शिविर में केडेट्स को विभिन्न आयामों में सफलता के दी जानकारी



( आधुनिक राजस्थान )चूरू। टू राज बटालियन एनसीसी चूरू के तत्वावधान में चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान आज राजकीय रईया महाविद्यालय रामगढ़ के प्राचार्य प्रोफेसर डॉक्टर जे. बी. खान नेशनल मोटीवेटर ने लगभग 600 केडेट्स को अपने चमत्कारिक रूप से प्रभावशाली मोटिवेशनल स्पीच से लाभान्वित किया उन्होंने केड्ट्स को जीवन के विभिन्न आयामों में सफलता प्राप्त करने के गुर बताएं साथ ही उन्होंने कैडेट्स को एक अच्छा प्रभाव शाली नागरिक बनकर राष्ट्र सेवा करने हेतु प्रेरित किया उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य की शुरूआत स्वयं से करें तथा सभी सद्गुणों को आत्मसात करते हुए जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर सफलता प्राप्त करने की ओर अग्रसर हो इस कार्यक्रम के संचालन में कैप्टन डॉक्टर सत्येंद्र शर्मा ने संचालक की भूमिका का निर्वहन किया इसअवसर पर कैप्टन डॉक्टर हेमन्त मंगल ने केडेट्स को विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने हेतु सफ़ल व्यक्तित्व के अनुसरण करने का आह्वान किया कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील कुमार ने डॉक्टर जे. बी. खान साहब का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर कैप्टन डॉक्टर शीशराम कस्वा लेफ्टिनेंट अरुण कुमार लेफ्टिनेंट अंजू कुमारी अजय झाझड़िया जी ने कैंप को अधिक प्रभावशाली एवं सशक्त बनाने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम में सूबेदार मेजर प्रेम तमांग सूबेदार रणवीर सिंह सूबेदार मोहन सूबेदार अमित हवलदार कैलाश हवलदार अशोक तथा सिविल स्टाफ की शांतिलाल महेंद्र सिंह तथा मुश्ताक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## राठौड़ ने वाटर कूलर ने किया लोकार्पण



( आधुनिक राजस्थान )चूरू। डीएसपी कार्यालय में समाजसेवी बीरबल सिंह कस्वा की ओर से वाटर कूलर का लोकार्पण पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण ने किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने बताया कि इस तेज गर्मी को देखकर कार्यालय में वाटर कूलर लगाकर पुलिसकर्मी व आमजन को राहत प्रदान करने से समाजसेवी को पुण्य मिलेगा। आज के युग में हर समाजसेवी को ऐसे पुनीत कार्य करने चाहिए। जिससे आमजन को राहत मिले। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि सेवा करने से व्यक्ति को आत्म सन्तुष्टि मिलती है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा, प्रधान दीपचंद राहड़, चंद्राराम गुरी, रणवीर कस्वां, सुनिता कस्वां, वासुदेव चावला, विनोद गढ़वाल, रघुवीर सहारण, राजू पूनिया व श्रीराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राठौड़ के जन्मदिवस पर स्कूल में की पाठ्य सामग्री वितरित



( आधुनिक राजस्थान )चूरू। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र जी राठौड़ के जन्मदिन पर विधायक हरलाल साहरण के मार्गदर्शन में सुनचेया एंजियो की ओर से बालिकाओं को स्कूल बेग, कॉपी, पानी बॉटल, टिफिन बॉक्स, ड्रॉइंग बुक, पेन्सिल व रबर आदि वितरित कर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा कि एक बालिका पढ़ लिखकर सर्व समाज को विकसित करने में अहम भूमिका निभाती है। साथ ही बालिका दो घरों का नाम रोशन करती। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयपुर शहर सुरेंद्र सिंह पुरुवंशी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द सिंह राठौड़, सीओ स्काउट महिपाल सिंह तंवर, गोपाल बालाण, सुनील ढाका, अश्वनी बुडानिया व जितेन्द्र सिंह जोड़ी आदि मंचस्थ रहे। इस अवसर पर कमल शर्मा, हरीश कुमार वर्मा, बंटी शर्मा, नवल शर्मा, प्रशांत शर्मा, मनोज सैनी, कमल सैनी, मुकुल सारस्वत, आदिल खान, कृष सोनी, राकेश कुमार, रोहित कुमार, बंटी शर्मा, अमेगा तिवारी व सीमा शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालक विष्णु सोनी ने किया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की तरफ से पूर्व नेता प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र राठौड़ का जन्मदिन हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। समस्त स्टॉफ ने कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु होने की कामना की। इस अवसर पर अध्यापिका सुनीता दुजड़, कृष्णा पचार, तनुजा, अनिता, शबनम, विनोद, सन्तोष, सुनीता व चौकीदार मोहनलाल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर शिक्षा अभियान के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कार्यरत अध्यापिकाओं व लिपिक का वेतन बढ़ाने व राज्य कर्मचारी का दर्जा देकर सेवा का नियमितीकरण करने के लिए विद्यालय की शिक्षिकाओं ने पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ व विधायक हरलाल सहारण को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर अनिता, रुकमनी, सुनीता, सुकेश, सम्पत, शारदा, विनोद ,सीमा व अलका आदि मौजूद रही।

## पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़ ने दिव्यांग बच्चों के बीच मनाया जन्मदिन

( आधुनिक राजस्थान )चूरू। मधुर स्पेशल शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थान के दिव्यांग बच्चों के साथ पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड के जन्मदिन केक काटकर व बच्चों को बैंग देकर मनाया इस शुभ अवसर पर बोलते हुए कहा कि ये बच्चे शुरू से ही मेरे दिल के नजदीक रहे हैं, अन्जु जी का संघर्ष मैंने देखा है। बच्चों के प्रति जिस समर्पित भाव से इन्होंने काम किया वो काबिले तारीफ है। संस्थान को भुमि भेंट करने वाले जनाब हनीफ खां व बेटे इलीयास ने पूरे कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि हनीफ जी चुरू में मानवता की मिसाल है,हम सब को उन पर गर्व है। इस अवसर पर संस्थान परिसर में पौधरोपण किया गया तथा संस्थान को चार कुलर की घोषणाएं की । इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



